प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में दीपावली का उल्लास और उत्साह, बाजारों में दिनभर रही रौनक, प्रशासन ने सुरक्षा और स्वच्छता के किए पुख्ता इंतजाम।
- चुनाव आयोग ने बिहार और झारखंड के घाटशिला समेत आठ विधानसभा उपचुनावों पर सख्त निगरानी का दिया निर्देश, पारदर्शी और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सामान्य और पुलिस पर्यवेक्षक किए नियुक्त।
- सरायकेला प्रखंड में प्रधानमंत्री धन्य धान्य कृषि योजना के तहत अत्याधुनिक फिश फॉर्मिंग प्लांट का हुआ उद्‌घाटन, तीन करोड़ अड़सठ लाख रुपए की लागत की परियोजना 125 ग्रामीण परिवारों को रोजगार और आय वृद्धि के अवसर करेगी प्रदान ।
- मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार कल राज्य का मौसम रहेगा शुष्क, दक्षिणी और मध्य भागों में आंशिक बादल छाने की जताई संभावना।
- रांची में चौथी साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का 24 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे उद्घाटन, खेल निदेशक ने कहा – कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के साथ की गई सभी तैयारियां पूरी।

****

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में दीपावली को लेकर लोगों में उल्लास और उत्साह का माहौल है। बाजारों में खरीदारी को लेकर दिनभर रौनक रही और लोग मिट्टी के दीए, झालर, मोमबत्ती, मिठाइयां और सजावटी सामान खरीदते नजर आए। प्रशासन ने पर्व के मौके पर सुरक्षा और स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम किए हैं, वहीं दीपों की रोशनी से पूरा शहर जगमगा उठा है।

****

इधर रामगढ़ में धनतेरस के मौके पर लोगों ने लोकल वस्तुओं की खरीदारी कर 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेरणा स्रोत बताया। लोगों ने बताया कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर देशी वस्तुओं की खरीदारी बढ़ी है, जिससे स्थानीय कारीगरों को आर्थिक मजबूती मिली है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख से लागू जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। नागालैंड में जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था में हो रही तेजी के बारे में प्रस्तुत है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट...

****

इधर जामताड़ा में जीएसटी दरों में कमी आने से ऑटोमोबाइल और अन्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट आई है। स्थानीय दोपहिया वाहन शोरूम के प्रबंधक संदीप महतो ने बताया कि उन्होंने अब तक 220 वाहनों की बिक्री की है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

****

चुनाव आयोग ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों से कहा है कि वे बिहार में समूची चुनाव प्रक्रिया और झारखंड के घाटशिला समेत अन्य राज्यों के 8 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों पर कड़ी निगरानी रखें, ताकि पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किये जा सकें। आयोग ने एक बयान में कहा कि उसने उपचुनावों के लिए 8 सामान्य और 8 पुलिस पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति की गई है।

****

सरायकेला प्रखंड के हाथीमारा गांव में प्रधानमंत्री धन्य धान्य कृषि योजना के तहत 3 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक फिश फॉर्मिंग प्लांट शुरू हुआ। यह प्लांट 125 परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने और ग्रामीण किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से बनाया गया है। 14 एकड़ क्षेत्र में बने इस प्लांट में मछली पालन, उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन से जुड़े आधुनिक कार्य होंगे। उद्यमी मनोज कुमार ने जानकारी दी कि इस परियोजना से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

****

मौसम विभाग ने कल राज्य के दक्षिणी और मध्य भागों में आंशिक बादल छाए रहने और मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। साथ ही जानकारी दी कि राज्य के अन्य हिस्सों में तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। अधिकतम तापमान लगभग 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

****

रांची के मोराबादी मैदान में 24 से 26 अक्टूबर के बीच साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 24 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे करेंगे। राज्य के खेल निदेशक शेखर जमुआर ने बताया कि भारत समेत दक्षिण एशिया के 6 देशों के 300 एथलीट और 150 टेक्निकल ऑफीसर इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे और दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम और खेल विभाग के साथ समन्वय बनाकर पवेलियन और साफ–सफाई की व्यवस्था की गई है।

********समाप्त*********